दबंग दुनियाँ 6-5-014

सीईटी से लेकर मेरिट के आधार पर दिया जाएगा एडमिशन

ए से एम तक के ग्रुप में बंटे रहेंगे यूनिवर्सिटी के विभागों के कोर्सेस

दबंग रिपोर्टर ▣ इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने अपने विभिन्न डिपार्टमेंट के कोर्सेस को 13 ग्रुप में विभाजित कर दिया है। यूनिवर्सिटी की नई एडमिशन कमेटी ने सारे कोर्सेस को अलग-अलग उनकी प्रकृति के आधार पर ए से एम तक के ग्रुप में बांटा है। इससे विद्यार्थियों को आसानी होगी, बल्कि एडमिशन के समय डिपार्टमेंट को भी ज्यादा समस्या नहीं आएगी। अब अधिकांश कोर्सेस में सीईटी के माध्यम से ही एडमिशन की प्रक्रिया होगी।

नई व्यवस्था में ग्रुप ए से सी तक के कोर्सेस में सीईटी के माध्यम से एडमिशन होगा तो ग्रुप डी से जी तक के कोर्सेस में डिपार्टमेंट टेस्ट के माध्यम से एडमिशन की प्रक्रिया की जाएगी। बाकी बचे सभी कोर्सेस में क्वालिफाइंग परीक्षा और मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा।

हायर सेकंडरी का ए ग्रुप

नई व्यवस्था में हायर सेकंडरी के बाद वाले कोर्सेस का ग्रुप ए बना दिया गया है। इसे दो भागों में बांटा गया है। पहला ग्रुप ए-1 का होगा। इसमें अधिकांश कोर्सेस कॉमर्स वाले और पांच साल वाले हैं। इसमें बीकॉम (आनर्स), बीकॉम (अकाउंटिंग एंड टैक्स मैनेजमेंट), बीए (जर्नलिज्म), बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) के साथ ही पांच साल वाले एमबीए (फॉरेन ट्रेड), एमबीए (ई-कॉमर्स), एमबीए (मैनेजमेंट साइंस), एमबीए (टूरिज्म), एमएसी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और बीएएलएलबी (ऑनर्स) शामिल हैं। ग्रुप ए-2 में बीसीए, बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक्स), बीएससी फिजिक्स (ऑनर्स), बीएससी एप्लाइड स्टेटेटिक्स एंड एनालिसिस के साथ ही बीफार्मा, बीसीए (ऑनर्स), एमटेक (आईटी), एमबीए (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) और छह साल वाला एमसीए शामिल है।

ग्रेजुएशन वालों को बी ग्रुप में

ग्रेजुएशन के बाद वाले कोर्सेस का बी ग्रुप भी दो भागों में बांटा गया है। बी-1 ग्रुप में दो साल के सारे एमबीए हैं। इसमें एमबीए इन एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन, बिजनेस एनालिटिक्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कम्प्यूटर मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स, इंटरप्रीनियरशिप, फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंशियल सर्विसेज, फॉरेन ट्रेड, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स (एचआर), इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग मैनेजमेंट, मीडिया मैनेजमेंट, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड पॉलिसी, रूरल डेवलपमेंट और मॉस कम्युनिकेशन शामिल हैं। वहीं, एमकॉम और एक साल का बैचलर ऑफ जर्नलिज्म भी इसी ग्रुप में है, जबकि बी-2 ग्रुप में एमएससी के सारे कोर्सेस रखे गए हैं।

इसमें एमएससी इन एप्लाइड मैथेमेटिक्स, बॉयो केमिस्ट्री, बॉयो इंफरमेटिक्स, बॉयो टेक्नोलॉजी, केमिस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस, डाटा साइंस एंड एनालेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, जेनेरिक इंजीनियरिंग, इंडस्ट्रियल माइक्रोबॉयोलाजी, आईटी, इंस्ट्रूमेंटेशन, लाइफ साइंसेस, मटेरियल साइंसेस, मैथेमेटिक्स, फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, फिजिक्स और स्टेटेटिक्स शामिल हैं। वहीं, एलएलएम भी इसी ग्रुप में है।

ये है कोर्सेस की नई ग्रुप व्यवस्था

ए - हायर सेकंडरी के बाद वाले कोर्सेस ए-1 और ए-2 ग्रुप में
बी - ग्रेजुएशनके बाद वाले कोर्सेस बी-1 और बी-2 ग्रुप में
सी - हायर सेकंडरी के बाद बीपीईएस कोर्स
डी - एमफिल कोर्सेस
ई - पीएचडी कोर्सेस
एफ - एमई, एमटेक जैसे मास्टर फुल टाइम कोर्सेस
जी - एमई, एकटेक जैसे मास्टर पार्ट टाइम कोर्सेस
एच - सर्टिफिकेट कोर्सेस
आई - डिप्लोमा कोर्सेस
जे - पीजी डिप्लोमा कोर्सेस
के - बीए जैसे अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस
एल - एम जैसे पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस
एम - एमबीए एक्जीक्यूटिव जैसे अन्य कोर्सेस

एमई-एमटेक का अलग ग्रुप

ग्रुप सी, डी, ई, एफ और जी ऐसे है, जहां एडमिशन डिपार्टमेंटल परीक्षा के माध्यम से होगा। ग्रुप ई़ी में केवल एक कोर्स बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) रखा गया है तो ग्रुप डी में विभिन्न विषयों में एमफिल और ग्रुप ई में विभिन्न विषयों में पीएचडी. कोर्सेस है। ग्रुप एफ में रेगुलर मोड वाले एमई, एमटेक और एमफार्मा के विभिन्न कोर्सेस हैं तो ग्रुप जी में पार्ट टाइम और एक्जीक्यूटिव वाले एमई और एमटेक के विभिन्न कोर्सेस हैं। इसमें एडमिशन की प्रक्रिया गेट और एआईसीटीई के माध्यम से होगी।

मेरिट कोर्सेस के लिए बाकी ग्रुप

ग्रुप एच, आई, जे, के, एल और एम में जो कोर्सेस हैं, उसके लिए सीईटी और डिपार्टमेंट परीक्षा नहीं होगी, बल्कि क्वालिफाइंग परीक्षा में मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। ग्रुप एच में फ्रेंच, जर्मन से लेकर लेबर लॉ, एचआर तक के सर्टिफिकेट कोर्सेस हैं तो ग्रुप आई में परफॉर्मिंग आर्ट्स, इंटिरियर डिजाइनिंग तक के डिप्लोमा कोर्सेस हैं। ग्रुप जे में कम्प्यूटर एप्लीकेशन, एचआर, लेबर लॉ एंड पर्सनल मैनेजमेंट तक के पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम हैं। ग्रुप के में बीए, बीएसडब्ल्यू, बीलिब जैसे कोर्सेस है तो ग्रुप एल विभिन्न विषयों में एमए, एमलिब, एसएसडब्ल्यू जैसे कोर्स हैं। ग्रुप एम एमबीए एक्जीक्यूटिव, एमबीए डिस्टेंस एजुकेशन जैसे कोर्सेस का है।